JAGRAN Josh

Simplifying Test Prep

WWW.JAGRANJOSH.COM

# करेंट अफेयर्स जुलाई 2013

# विषय-सूची


विषय-सूची ....2

प्रस्तावना ....16

अंतरराष्ट्रीय | विश्व ....17

भारत और अफगानिस्तान के मध्य समझौता ....17

भारत और सेनेगल के मध्य सांस्कृतिक सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम पर हस्ताक्षर ....17

भारत को अंतरराष्ट्रीय आर्कटिक विज्ञान समिति में प्रेक्षक का दर्जा ....18

इस्राइल ने किसी भी फिलीस्तीन समझौते पर राष्ट्रीय स्तर का जनमत-संग्रह कराने के लिए अधिनियम पास किया ....20

डब्ल्यूएचओ के तंबाकू नियंत्रण संरचना समझौते को लागू करने संबंधी क्षेत्रीय बैठक संपन्न ....20

सूडान के वित्त एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मंत्री अली महमूद मुहम्मद की भारत यात्रा संपन्न ....22

भारत-बेलारूस अंतर-सरकारी आयोग का 6वां अधिवेशन नई दिल्ली में सम्पन्न ....23

ब्रिटेन के नए प्रिंस का नाम जॉर्ज एलेक्जेंडर लुइस रखा गया ....23

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार की 5 दिवसीय भारत यात्रा संपन्न ....23

अमेरिका के उपराष्ट्रपति बाइडन की भारत की चार दिवसीय यात्रा संपन्न ....24

भारत और नाइजीरिया के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर ....24

भारत और बांग्लादेश के गृहसचिवों की 14 वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न ....25

फिलिप ने बेल्जियम के राजा के पद और गोपनीयता की शपथ ली ....27

भारत और एशियाई विकास बैंक के मध्य ऋण समझौते पर हस्ताक्षर ....27

भारत और कनाडा के मध्य इस्पात क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता ....28

1971 के युद्ध के दोषी अली एहसान को मृत्युदंड: अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-II ....28

इसाई महिलाओं की नग्न परेड मामले में लाहौर उच्च न्यायालय ने जांच के आदेश दिये ....29

सुरक्षा कारणों से चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में परमाणु प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण रद्द ....30

भूटान में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रीय एसेम्बली चुनाव जीता ....30
भारत ने वियतनाम को पनबिजली परियोजनाओं के लिए ऋण देने की घोषणा की....31
भारत के विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की एक दिवसीय नेपाल यात्रा सम्पन्न ....31
युवा कार्य और खेल के क्षेत्र में सहयोग देने पर भारत और पोलैंड के मध्य सहमति ....34
सहस्राब्दि विकास लक्ष्य रिपोर्ट-2013: संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी ....35
चीन के पूर्व रेल मंत्री लियू झिजुन को भ्रष्टाचार करने के अपराध में मृत्युदंड....36
भारत और अलबानिया में दोहरे कराधान को टालने संबंधी समझौता ....37
सोंग बिजनेस पार्क में कामकाज बहाल करने हेतु उत्तर और दक्षिण कोरिया सहमत....37
वेनेजुएला और निकारागुआ द्वारा एडवर्ड स्नोडेन को शरण देने की पेशकश....38
आपसी विश्वास बहाली हेतु बातचीत और संयुक्त सैन्य अभ्यास पर भारत और चीन के मध्य सहमति....39
मिस्र संकट: राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी देश की सेना द्वारा अपदस्थ....39
सउदी अरब ने प्रवासियों हेतु कानूनी हैसियत दुरूस्त करने की समय सीमा बढ़ाई....41
विश्व की डायरी....42
राष्ट्रीय | भारत....50
तेलंगाना राज्य के गठन की मांग को यूपीए व कांग्रेस ने मंजूरी प्रदान की....50
सर्वोच्च न्यायालय का केंद्र और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को गैस मूल्यों के मामले में नोटिस ....51
केंद्रीय पर्यटन मंत्री के चिरंजीवी ने ताज महल से स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की ....51
भारत में वर्ष 2012 के दौरान घरेलू पर्यटन में 19 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि....52
भारत में गरीबी का अनुपात घटकर वर्ष 2011-12 में 21.9 प्रतिशत रहा....54
भारतीय रेलवे द्वारा टीसीएएस लगाने के लिए दो कम्पनियों का चयन ....55
देशव्यापी गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक शिक्षा हेतु मॉडल स्कूलों 2015से शुरु करने का निर्णय ....56
कृषि आधारित उद्योग समूहों और आईसीएआर के मध्य समझौता....56
प्राकृतिक आपदा के सन्दर्भ में 7 राज्यों को सर्वोच्च न्यायालय का नोटिस....57
तेजाब से हमले की वारदात को गैरजमानती अपराध बनाने का निर्देश....58

एमबीबीएस, बीडीएस कोर्स में प्रवेश हेतु एनईईटी आयोजित करने संबंधी अधिसूचना रद्द ....................................58

किशोर न्याय अधिनियम के तहत किशोरावस्था की उम्र 18 वर्ष: सर्वोच्च न्यायालय..........................................59

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण अभियान टीयर्स यू एपार्ट शुरु ........................................................................60

सीबीआई द्वारा दाखिल शपथ-पत्र में अधिक वित्तीय स्वायत्तता की मांग.......................................................61

सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस सुधारों में विफलता के लिए चार राज्यों को सम्मन भेजा ........................................61

किसानों को मोबाइल फोन से एसएमएस भेजने हेतु किसान पोर्टल शुरु.......................................................62

अदालतों को सरकार के नीतिगत फैसलों पर निर्णय देने से बचने का निर्देश: सर्वोच्च न्यायालय..............................63

कर चोरी मामले में गडकरी से जुडी कंपनी को हाई कोर्ट का नोटिस..........................................................63

कैग की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज ...........................................................................64

जमीन के नीचे खनिज सम्पदा पर जमीन मालिक का अधिकार, सरकार का नहीं...............................................64

राजीव गांधी राष्ट्रीय उड़ान विश्वविद्यालय की स्थापना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी..........................................65

अनुसूचित जनजाति हेतु केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत परिवार की आय सीमा में वृद्धि....................................66

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (4) को असंवैधानिक: सर्वोच्च न्यायालय ....................................66

सरकार ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भंग किया .........................................................................68

साइंस इन इंडिया (2004-13): डिकेड ऑफ अचीवमेंट्स एण्ड राइजिंग एस्पीरेशंस का विमोचन ...............................69

सेवानिवृत्ति या सरकारी पद छोड़ने के बाद सरकारी आवास छोड़ने हेतु समय सीमा तय .......................................70

भारतीय शिक्षा प्रणाली पर सर्वोच्च न्यायालय की महत्वपूर्ण टिप्पणी.........................................................71

राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणापत्रों की विषयवस्तु नियमन संबंधी निर्देश ..................................................72

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अध्यादेश-2013.........................................................................................73

लघु आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाकर 2250 रू. करने की मंजूरी.............................................77

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति 2013 घोषित की ...............................................................78

भारत का पहला क्षेत्रीय नेवीगेशनल उपग्रह-आईआरएनएसएस-1ए कक्षा में स्थापित .........................................78

भारत की डायरी.......................................................................................................81

अर्थव्यवस्था ..........................................................................................................89

देश के आठ बुनियादी क्षेत्रों की विकास दर में जून 2013 में गिरावट ....89

निर्यातकों को दिये जाने वाले ऋण के ब्याज पर छूट की सीमा बढ़ाकर तीन फीसदी की गई ....89

भारत व इस्राइल के मध्य व्यापार दो दशकों में 22 गुना बढ़ा....90

भारतीय रिजर्व बैंक ने केवाईसी मानदण्डों को सहज बनाया ....91

आरबीआई ने रुपये की गिरती कीमत को रोकने के लिए सीआरआर बढ़ाया ....91

5 लाख रुपये से कम की आय वाले वेतनभोगियों के लिए आयकर रिटर्न भरना अनिवार्य....91

वर्ष 2012-13 के लिए खाद्यान्न उत्पादन का चौथा अग्रिम अनुमान जारी ....92

सेबी की नीलामी में उम्मीद से अधिक बोलियां ....93

एफडीआई मानकों को उदार बनाने के उद्देश्य से डीआईपीपी ने सुझाव मांगे ....93

जून 2013 का अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक....94

वर्ष 2013-14 में बीपीएल परिवारों के लिए 50 लाख टन अतिरिक्त अनाज का आवंटन ....95

केंद्र सरकार ने सेबी अधिनियम में संशोधन किये, सेबी के अधिकार बढ़ाये गये ....95

रुपये की गिरती कीमत को रोकने के लिए आरबीआई ने कई कदम उठाये ....96

मुद्रास्फीति दर में जून 2013 माह में बढ़ोत्तरी, खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने का असर....97

एडीबी ने जीडीपी विकास दर के 2013 में 5.8 फीसदी रहने का अनुमान लगाया....98

केंद्र सरकार ने देश में एफडीआई बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये ....98

जनजातीय उपयोजना के लिए 1200 करोड़ रुपए की विशेष केंद्रीय सहायता का आवंटन ....100

प्रिंट व प्रसारण मीडिया में एफडीआई पर सूचना प्रसारण मंत्रालय ने सुझाव मांगे ....103

इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश को लेकर गठित संचालन समूह की बैठक संपन्न....103

आरबीआई का मनी लॉन्ड्रिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण 22 बैंकों पर जुर्माना....104

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनसीआर परिवहन निगम के गठन को मंजूरी दी....105

आईटीडीसी तथा एसटीसी की प्रदत्त इक्विटी पूंजी के विनिवेश को मंजूरी ....106

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2013 में भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमानों में संशोधन किये ....107

सेबी ने विनिमय सौदों के नियम सख्त किये ....108

158 उत्पादों को फोकस उत्पाद योजना तहत लाने का निर्णय........109
विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली बैठक में कई उपाय सुझाये गये........110
भारतीय अर्थव्यवस्था में दिख रहे हैं बेहतरी के लक्षण : ओईसीडी की रिपोर्ट........111
केंद्र सरकार नें फार्मा उद्योग में एफडीआई के सात नये प्रस्तावों को मंजूरी दी........112
प्रतिस्पर्धा आयोग ने टैम मामले में टेलीविजन उद्योग के हितधारकों को नोटिस भेजा........113
ओएफएस माध्यम से एचसीएल में भारत सरकार के 4.01 प्रतिशत शेयरों का विनिवेश........114
सरकार ने एफडीआई के आठ नये प्रस्तावों को मंजूरी दी........115
एसईजेड इकाईयों को सेवाएं देने पर सेवा शुल्क से राहत........115
दूरसंचार क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 74 से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की........116
पर्यावरण | पारिस्थितिकी........117
डॉल्फिन मछलियां एक दूसरे को नाम से बुलाती हैं: एक अध्ययन रिपोर्ट........117
ऑटो निर्माता कंपनी फोर्ड भारत में ग्रीन हाउस गैस रिपोर्टिंग कार्यक्रम में शामिल हुई........117
नागपुर स्थित महाराजबाग चिड़ियाघर से एक लाख रुपए में एक बाघ को गोद लें........118
ग्रीन ग्रोथ भारत के लिए आवश्यक तथा वहन क्षमता के भीतर, विश्व बैंक की रिपोर्ट........118
डायनासोर की पूंछ का जीवाश्म उत्तरी मैक्सिको के मरुस्थल में मिला........119
विज्ञान | तकनीक........120
भारत के अत्याधुनिक मौसम उपग्रह इनसेट-3 डी का फ्रेंच गयाना से सफल प्रक्षेपण........120
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नियोक्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर लेने शुरु किये........121
ब्राइट बीकन के सामन दिखती है हमारी पृथ्वी व चांद, नासा ने जारी किये नये फोटो........121
शोधकर्ताओं के अनुसार मृत तारों के टकराव से धरती पर सोना उत्पन्न हुआ........122
अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक नए छोटे चंद्रमा की खोज की........122
तमिलनाडु स्थित कुडनकुलम परमाणु संयंत्र (Koodankulam Nuclear Plant) में काम शुरु........123
न्यूज़ कैप्सूल........125
सरोद वादक अमजद अली खां 21वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार हेतु चयनित........125

# अंतरराष्ट्रीय | विश्व

## भारत और अफगानिस्तान के मध्य समझौता

अफगानिस्तान और भारत ने अफगानिस्तान के 10 प्रान्तों में लघु विकास योजना के तहत 60 परियोजनाओं पर अमल हेतु एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए. अफगानिस्तान के आर्थिक कार्य मंत्री अब्दुल-हादी-अर्घन्डीवाल और काबुल में भारतीय राजदूत अमर सिन्हा ने 30 जुलाई 2013 को इस सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए. ये परियोजनाएं लघु विकास योजना के तीसरे चरण से संबंधित हैं और इन्हें 4 वर्ष में पूरा किया जाना है.

विदित हो कि 100 मिलियन डॉलर की लघु विकास योजना (एसडीपी) मई 2011 में अफगानिस्तान के लिए प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की यात्रा के दौरान घोषणा की थी. 20 करोड़ डॉलर के कुल परिव्यय वाले योजना के पहले दो चरण पूरे होने वाले हैं. योजना अफगानिस्तान के दूर दराज के क्षेत्रों में मुख्य रूप से ग्रामीण समुदायों के विकास की जरूरत का समाधान करने के लिए भारत सरकार द्वारा तैयार की गई.

## भारत और सेनेगल के मध्य सांस्कृतिक सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम पर हस्ताक्षर

भारत और सेनेगल के मध्य नई दिल्ली में वर्ष 2013-2015 अवधि हेतु 'सांस्कृतिक सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम' पर हस्ताक्षर किए गए. भारत सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच और सेनेगल सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री एचई अदबोल अज़ीज एमबे ने सांस्कृतिक सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम पर 29 जुलाई 2013 को हस्ताक्षर किए. इस कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष निर्धारित है. तत्पश्चात यह तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि एक नए आदान-प्रदान संबंधी कार्यक्रम पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते.

### सांस्कृतिक सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

• इसके तहत रंगमंच के क्षेत्र में विशेषज्ञों का आदान-प्रदान किया जाना है.

• रचनात्मक गतिविधियों, ऑडियो विज्युअल, संगीत, नृत्य, रंगमंच और कठपुतली के क्षेत्रों में प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करना निर्धारित है.

• इसके तहत सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाशन का आदान-प्रदान किया जाना है.

• पूर्व ऐतिहासिक पुरातत्व के क्षेत्र में विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, सांस्कृतिक संपत्तियों और स्मारकों के पुनरूद्धार के क्षेत्र में प्रयोगशाला संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना.

• इसके तहत संबंधित रेडियो और टीवी संगठनों के ज़रिए दोनों पक्षों के जीवन और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को बताते कार्यक्रमों का आदान-प्रदान किया जाना है.

• खेल के क्षेत्र में अनुभवों का आदान-प्रदान और विभिन्न क्षेत्रों में खेल टीमों/कोचों के आदान-प्रदान की संभावनाओं को ढूंढना.

• इसके तहत संस्कृति के विभिन्न आयामों को दर्शाते सांस्कृतिक सप्ताह आयोजित करना निर्धारित है.

## भारत को अंतरराष्ट्रीय आर्कटिक विज्ञान समिति में प्रेक्षक का दर्जा

आर्कटिक क्षेत्र में वैज्ञानिक गतिविधियों में सक्रिय भारत को अंतरराष्ट्रीय आर्कटिक विज्ञान समिति में प्रेक्षक का दर्जा दिया गया. इसके साथ ही विश्व मौसम संगठन के तहत जलवायु सेवाएं उपलब्ध कराने के वैश्विक प्रयासों में भारत को अग्रणी भूमिका निभाने का काम भी सौंपा गया. भू-विज्ञान मंत्री एस जयपाल रेड्डी ने 27 जुलाई 2013 को नई दिल्ली में यह जानकारी दी. एस जयपाल रेड्डी ने भू वैज्ञानिकों से उन्नत और ज्ञान पर आधारित निगरानी, मौसम चेतावनी, जलवायु, भू-संसाधन तथा आपदा में फंसे लोगों का पता लगाने की प्रणालियां विकसित करने को कहा. उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने हिमालय के मौसम और ग्लेशियर अनुसंधान, मौसम की चेतावनी तथा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए समन्वित मौसम विज्ञान सेवाओं के बारे में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली हैं, जिनसे 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यक्रम शुरू किए जाने हैं.

### अंतरराष्ट्रीय आर्कटिक विज्ञान समिति

आर्कटिक परिषद का गठन वर्ष 1996 में किया गया था. इसके संस्थापक सदस्य देश अमरीका, रूस, आइसलैंड, नार्वे, स्वीडन, डेनमार्क, सिंगापुर और कनाडा हैं. इसे आर्कटिक क्षेत्र के पर्यावरण की रक्षा करने तथा देशज लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक और सांस्कृतिक कल्याण को बढ़ावा देने का कार्य सौंपा गया, जिनके संगठन परिषद में स्थायी रूप से प्रतिभागी हैं. आर्कटिक परिषद में गैर सरकारी संगठनों, गैर पार्श्विक राज्यों तथा अंतरसरकारी एवं अंतर संसदीय संगठनों को प्रेक्षक का दर्जा मिल सकता है. आर्कटिक परिषद के एजेंडा में पोत परिवहन, समुद्री सीमाओं के विनियमन, तलाशी एवं बचाव की जिम्मेदारियों से संबंधित मुद्दे तथा आर्कटिक आइस कैप के पिघलने संबंधी प्रतिकूल प्रभाव को दूर करने के लिए रणनीतियां तैयार करने से संबंधित मुद्दे शामिल हैं. मई 2013 में 6 नए देशों को प्रेक्षक के रूप में शामिल

# राष्ट्रीय | भारत

## तेलंगाना राज्य के गठन की मांग को यूपीए व कांग्रेस ने मंजूरी प्रदान की

आंध्र प्रदेश के 10 जिलों को अलग तेलंगाना राज्य के रूप में मान्यता देने की मांग को संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन व इसके सबसे प्रमुख घटक दल कांग्रेस ने मंजूरी प्रदान की. यूपीए तथा कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से 30 जुलाई 2013 को मंजूरी प्रदान की गयी. तेलंगाना राज्य के गठन की मांग पिछले 57 वर्षों से भी अधिक समय से होती रही है. आंध्र प्रदेश के 10 जिलों को समाहित करके तेलंगाना राज्य बनाने की मांग इसलिए की जाती रही क्योंकि इन जिलों की आर्थिक स्थिति अन्य जिलों से काफी भिन्न है. ये जिले आर्थिक रूप से काफी पिछड़े हैं जिसका सबसे प्रमुख कारण है कि 1844 में अंग्रेज इंजीनियर आर्थर कॉटन की सिफारिश पर 1850 में राजामुंदरी जिले में बनाए गए बांध के कारण तटीय जिलों की कृषि में काफी सुधार हुआ. तटीय जिलों की कृषि में परंपरागत फसलों के साथ-साथ कॉटन के उत्पादन पर विशेष बल दिया गया जो कि आज भी देखा जा सकता है. इसी के परिणामस्वरूप समुद्र तटीय जिलों में तेलंगाना की अपेक्षा काफी तेजी से विकास हुआ और ये क्षेत्र कालांतर में भी प्रगति करते गए जबकि तेलंगाना का हिस्सा आर्थिक रूप से पिछड़ता गया.

### तेलंगाना से जुडे अहम तथ्य

• तेलंगाना का अर्थ है 'तेलुगू भाषियों की भूमि'.

• हैदराबाद को भारतीय सेना द्वारा 17 सितंबर 1948 में भारत में शामिल किया गया जबकि हैदराबाद के तत्कालीन निजाम इसे एक स्वतंत्र राष्ट्र बनाना चाहते थे.

• तेलंगाना में कुल 10 जिले हैं – अदीलाबाद, खम्मम, ग्रेटर हैदराबाद, मेदक, रंगारेड्डी, नालगोंडा, महबूबनगर, वारंगल, करीमनगर व निजामाबाद.

• क्षेत्रफल – 114800 वर्ग किलोमीटर.

• आबादी- 35.28 करोड़.

• भाषा- तेलुगू व उर्दू.

• विधानसभा स्थिति – वर्तमान राज्य सरकार में तेलंगाना से 119 विधायक चुने गये जबकि पूरे राज्य में 294 सीटें हैं.

• लोकसभा स्थिति- कुल 42 में से 17 सीटें तेलंगाना क्षेत्र से.

• मद्रास राज्य के कुछ हिस्सों तथा वर्तमान तेलंगाना के जिलों को शामिल करके तेलुगू भाषियों के लिए आंध्र प्रदेश राज्य का गठन 1956 में किया गया था.

## सर्वोच्च न्यायालय का केंद्र और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को गैस मूल्यों के मामले में नोटिस

सर्वोच्च न्यायालय प्राकृतिक गैस के मूल्य बढ़ाने के केंद्र सरकार के फैसले की जांच करने पर सहमत हो गया और न्यायालय ने इस बारे में केन्द्र और रिलायन्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड को 29 जुलाई 2013 को नोटिस जारी किए. यह निर्णय प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी सदाशिवम की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया. पीठ ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद गुरूदास दासगुप्त द्वारा दायर जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और रिलायन्स इंडस्ट्रीज से जवाब मांगा. गुरूदास दासगुप्त ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने प्राकृतिक गैस का मूल्य बढ़ाते समय गंभीरता से गौर नहीं किया. सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें 4 सप्ताह के अंदर अपना जवाब देने को कहा और मामले की अगली सुनवाई हेतु 6 सितम्बर 2013 की तारीख तय की.

विदित हो कि सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के प्रमुख सी रंगराजन समिति की सिफारिशों के आधार पर 1 अप्रैल 2014 से गैस की कीमत को मौजूदा 4.2 डॉलर (प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट) से बढाकर 8.4 डॉलर एमएमबीटीयू करने का फैसला लिया था. नई कीमत की हर तीन महीने बाद समीक्षा की जानी है और यह सभी गैस उत्पादकों पर समान रूप से लागू होनी है. इनमें सरकारी कंपनिया ऑयल इंडिया लिमिटेड और तेल और प्राकृतिक गैस निगम तथा रिलायन्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी निजी कंपनियां शामिल हैं.

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री के चिरंजीवी ने ताज महल से स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की

केंद्रीय पर्यटन मंत्री के चिरंजीवी ने आगरा के ताज महल से प्रायोगिक तौर पर ‘स्वच्छ भारत अभियान’ की शुरूआत 24 जुलाई 2013 को की. ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) को ताजमहल की सफाई का जिम्मा सौंपा गया है. ताजमहल विश्व विरासत स्थल एवं विश्व के सात अजूबों में से एक है. ताज महल दूसरा ऐसा ऐतिहासिक स्थल है जहां यह परियोजना चलाई जा रही है. इससे पहले जून 2012 में दिल्ली में कुतुब मिनार में इसे शुरू किया गया था.

### स्वच्छ भारत अभियान

# अर्थव्यवस्था

## देश के आठ बुनियादी क्षेत्रों की विकास दर में जून 2013 में गिरावट

भारतीय अर्थव्यवस्था के आठ बुनियादी ढांचागत उद्योगों के विकास की दर पिछले चार महीनों में न्यूनतन स्तर पर रही. जून 2013 में बुनियादी क्षेत्रों के विकास की दर 0.1 प्रतिशत कम होकर 7.8 फीसदी हो गयी जबकि पिछले वर्ष के जून माह में यह दर 7.9 फीसदी थी. बुनियादी क्षेत्रों से संबंधित आकड़े 31 जुलाई 2013 को जारी किये गये. बुनियादी क्षेत्रों के विकास की दर में कमी मुख्य रूप से कच्चे तेल की आपूर्ति में कमी, प्राकृतिक गैस, कोयले और विद्युत के उत्पादन में कमी के परिणामस्वरूप हुई. कोयले के उत्पादन में जून 2013 में पिछले वर्ष के मुकाबले 3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी. इसी प्रकार कच्चे तेल में 0.6 फीसदी, प्राकृतिक गैस में 16.7 फीसदी और विद्युत उत्पादन में 1.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी.

विदित हो कि आठों बुनियादी क्षेत्रों – कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम परिष्करण उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और विद्युत का समग्र रूप से देश कुल औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (Index of Industrial Production, IIP) में योगदान 37.90 फीसदी है. इस योगदान को 2004-05=100 को आधार मानकर किया गया है.

## निर्यातकों को दिये जाने वाले ऋण के ब्याज पर छूट की सीमा बढ़ाकर तीन फीसदी की गई

लगातार बढ़ रहे वित्तीय घाटे को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्यातकों को दिये जाने वाले ऋण पर ब्याज में छूट की अधिकतम सीमा को दो फीसदी से बढ़ाकर तीन फीसदी किया. इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश 31 जुलाई 2013 को जारी किये गये. ऋण के ब्याज पर छूट की सीमा में बढ़ोत्तरी का लाभ सभी सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के साथ-साथ हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट्स, कार्पेट्स, खिलौनो, खेल-कूद के सामान, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों व रेडीमेड वस्त्रों के निर्यातकों को मिलेगा. इस लाभ का फायदा 1 अगस्त 2013 ही लागू होना है. विदित हो कि पिछले छह महीनों के दौरान विभिन्न वस्तुओं, विशेषकर सोने, के बढ़ते आयात के कारण भारत का वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे भुगतान असंतुलन की स्थिति विकराल होती जा रही है.

### दिसंबर 2012 से जून 2013 के दौरान माहवार निर्यात के आकड़े निम्न हैं –

| माह | निर्यात वद्धि दर |
|---|---|
| दिसंबर, 2012 | -1.92% |
| जनवरी, 2013 | 0.82% |
| फरवरी 2013 | 4.23% |
| मार्च 2013 | 6.97% |
| अप्रैल 2013 | 1.68% |
| मई 2013 | 1.11% |
| जून 2013 | 4.56% |

स्रोत- डीजीएफटी

## भारत व इस्राइल के मध्य व्यापार दो दशकों में 22 गुना बढ़ा

पिछले दो दशकों से भारत में अपनायी जा रही भूमण्डलीयकरण नीतियों तथा अंतर्देशीय व्यापार को बढ़ावा देने का फल यह रहा कि भारत का विभिन्न देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार काफी बढ़ा है. इन्हीं में से एक है मध्य-पूर्व एशियाई देश इस्राइल के साथ भारत का व्यापार. यदि भारत के विदेशी व्यापार महानिदेशालय के आकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि मध्य-पूर्व एशियाई देश इस्राइल के साथ भारत का व्यापार पिछले दो दशकों (1992-2012) में 22 गुना बढ़ा. जहां 1992 में भारत का इस्राइल के साथ व्यापार 20 करोड़ डॉलर था वहीं वर्ष 2012 में यह बढ़कर चार अरब 40 करोड़ डॉलर हो गया. पिछले दो दशकों में दोनो देशों के बीच व्यापार के क्षेत्र मे हुए समझौतों के परिणामस्वरूप भारत का इस्राइल के साथ व्यापार उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है. जुलाई 2013 माह में इस्राइल दूतावास द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार वर्ष 2012-13 में भारत-इस्राइल व्यापार 6 बिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच गया था जबकि वर्ष 2011-12 के मध्य व्यापार 5.15 बिलियल डॉलर रहा. भारत तथा इस्राइल के मध्य वाणिज्य तथा व्यापार को और अधिक सुदृढ़ तथा विकसित बनाने के लिए भारत के उद्योग संगठनों में से एक फिक्की के एक शिष्टमंडल

विदित हो कि इस क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढाने का उद्देश्य दूरसंचार उद्योग को नया निवेश हासिल करने में मदद करना है ताकि उसे वित्तीय बोझ घटाने में सहायता प्राप्त हो. आयोग ने दूरंसचार वित्त निगम की स्थापना पर भी विचार किया ताकि क्षेत्र की वित्तीय चुनौतियों से निपटा जा सके.

## पर्यावरण | पारिस्थितिकी

### डॉल्फिन मछलियां एक दूसरे को नाम से बुलाती हैं: एक अध्ययन रिपोर्ट

ब्रिटिश शोधकर्ताओं को एक नए शोध के मध्यम से पता चला कि डॉल्फिन मछलियां इंसानों की तरह एक-दूसरे को नाम से भी बुलाती हैं. वैज्ञानिकों का कहना है कि ये समुद्री स्तनपायी एक दूसरे की पहचान जानने के लिए अलग-अलग तरह की सीटी बजाती हैं. सेंट एंड्रयूज़ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पूर्वी स्काटलैंड तट पर बोतल के आकार की नाक वाली डॉल्फिन मछलियों के साथ ध्वनियों के प्रयोग कर यह खोज की. सेंट एंड्रयूज़ विश्वविद्यालय की समुद्री स्तनपायी शोध इकाई के डॉक्टर विंसेंट जानिक के अनुसार "डॉल्फिन समुद्र में त्रिआयामी माहौल में रहती हैं जहां कोई निश्चित चिन्ह या सीमा नहीं होती है. ऐसे में उन्हें एक समूह में एक दूसरे के संपर्क में रहने के लिए एक सुगम व्यवस्था की जरूरत होती है."

लंबे समय से ये माना जाता रहा है कि डॉल्फिन एक-दूसरे को पुकारने हेतु एक विशेष प्रकार की सीटी बजाती हैं. ठीक वैसे ही जैसे इंसान एक-दूसरे को नाम से पुकारते हैं. पहले किए गए शोधों से ये बात सामने आई कि डॉल्फिन निरंतर सीटी बजाती रहती हैं और एक ही समूह की डॉल्फिन इस ध्वनि को सीखती हैं और कॉपी करती हैं. लेकिन पहली बार नाम से पुकारे जाने पर इन जीवों की प्रतिक्रिया पर शोध किया गया. इस शोध के तहत वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक वातावरण में रहने वाली बॉटलनोज़ डॉल्फिनों की ध्वनि को रिकॉर्ड किया. इसके बाद उन्होंने पानी के नीचे स्पीकर लगाकर इस रिकॉर्ड को बजाया. शोधकर्ताओं ने पाया कि डॉल्फिनों ने केवल उन्हीं आवाज़ों पर प्रतिक्रिया दी जिनमें उन्हें पुकारा गया था. अपने नाम की पुकार पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए सीटी बजाई.

### ऑटो निर्माता कंपनी फोर्ड भारत में ग्रीन हाउस गैस रिपोर्टिंग कार्यक्रम में शामिल हुई

ऑटो निर्माता कंपनी फोर्ड भारत में स्वैच्छिक ग्रीनहाउस गैस रिपोर्टिंग कार्यक्रम में 23 जुलाई 2013 को शामिल हुई. इस कार्यक्रम के तहत कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन के मामले में पूर्ण पारदर्शिता दिखाई जाती है. इसके तहत फोर्ड का उद्देश्य कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को नीचे लाना है, जिसके तहत फोर्ड द्वारा चेन्नई स्थित अपने दो कार्यस्थलों पर भी कार्बन उत्सर्जन को कम किया जाना है. इस कार्यक्रम का

उद्देश्य वर्ष 2025 तक प्रत्येक वाहन पर 30 प्रतिशत उत्सर्जन में कमी लाना है. फोर्ड मोटर कंपनी अर्जेंटीना, ब्राजील, मैक्सिको, कनाडा, चीन और अमेरिका जैसे अन्य देशों में भी इस तरत के कार्यक्रमों में शामिल है.

## नागपुर स्थित महाराजबाग चिड़ियाघर से एक लाख रुपए में एक बाघ को गोद लें

नागपुर स्थित महाराजबाग चिड़ियाघर ने एक कार्यक्रम शुरू किया, जिसके तहत लोग बाघ, तेंदुए, सियार और बंदर में से किसी जानवर को एक लाख रुपए में गोद ले सकते हैं. दरअसल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से अक्सर चर्चा में रहने वाले इस चिड़ियाघर ने पशुओं को गोद देने का नया कार्यक्रम शुरू किया. महाराजबाग चिड़ियाघर में 356 जानवर हैं जिनमें 4 बाघ, 8 तेंदुए, सियार, भालू, चित्तीदार हिरण, नील गाय, काले हिरण, मोर, इमू, मगरमच्छ, बंदर और कई तरह के पक्षी शामिल हैं. इस कार्यक्रम का उद्देश्य धन की कमाई नहीं है बल्कि पशुओं के संरक्षण की प्रक्रिया से लोगों को जोड़ना है.

विदित हो कि इस तरह के कार्यक्रम चंडीगढ़ जैसे शहरों में पहले से ही चल रहा हैं. इस नए चलन से लोगों की पशुओं में रुचि बढ़ रही है और उम्मीद है कि इनके प्रति लोगों में संवेदनशीलता भी बढ़ेगी. पशुओं को गोद देने के लिए शुल्क भी अलग-अलग है. एक काले हिरण को एक वर्ष हेतु 4000 रुपए में गोद लिया जा सकता है. वर्ष भर में इसके रखरखाव पर लगभग एक लाख रुपए का खर्च आना है. इसके साथ ही अगर लोग पशुओं के खाने की व्यवस्था कर या फिर किसी अन्य तरीके से भी उससे जुड़ना चाहें तो जुड़ सकते हैं. पशुओं को 3 से 6 माह हेतु भी गोद लिया जा सकता है और शुल्क अवधि के अनुसार निर्धारित है.

## ग्रीन ग्रोथ भारत के लिए आवश्यक तथा वहन क्षमता के भीतर, विश्व बैंक की रिपोर्ट

विश्व बैंक के द्वारा 17 जुलाई 2013 को भारतीय पर्यावरण परिदृश्यों पर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पर्यावरण को हो रही क्षति को कम करने के लिए ग्रीन ग्रोथ को महत्व दिया जाना चाहिए जिसकी लागत भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.02 फीसदी से 0.04 फीसदी होगी. भारत में पर्यावरण की स्थिति एवं सुझाव पर तैयार की गयी रिपोर्ट 'डायग्नोस्टिक एसेसमेंट ऑफ सेलेक्ट इन्वॉर्मेंटल चैलेंजेस इन इंडिया' (Diagnostic Assessment of Select Environmental Challenges in India) भारत में पर्यावरणीय नुकसानों पर पहला राष्ट्रीय स्तर का आर्थिक मूल्यांकन है. विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत ग्रीन ग्रोथ को विशेष रुप से महत्व देता है तो भविष्य में होने वाले पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही आर्थिक विकास की दर को सुनिश्चित तथा बरकरार रखा जा सकता है.

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पर्यावरण को पहुंचायी जा रही वार्षिक क्षति भारत की जीडीपी की 5.7 फीसदी अर्थात 3.75 ट्रिलियन रुपये (80 बिलियन डॉलर) है. यह रिपोर्ट जीवाश्म ईंधनों के प्रयोग से होने वाले कण प्रदूषण (Particle Pollution – PM10) पर केंद्रित है. कण प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं. इसके कारण होने वाली स्वच्छ जल की आपूर्ति, स्वच्छता व सफाई तथा प्राकृतिक संसाधनों में कमी

### संयुक्त राज्य मैक्सिको

मैक्सिको एक संघीय संवैधानिक गणतंत्र है. यह संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी सीमा से लगा हुआ हैं. इसके पश्चिम में दक्षिण प्रशांत महासागर, दक्षिण में ग्वाटेमाला, बेलीज, और कैरेबियन सागर और पूर्व में मैक्सिको की खाड़ी स्थित हैं. मैक्सिको का क्षेत्रफल लगभग 2 मिलियन वर्ग किलोमीटर हैं. मैक्सिको अमेरिका का पांचवा और विश्व का 14वां सबसे बड़ा स्वतंत्र राष्ट्र है. जनसंख्या की दृष्टि से यह 11वां सबसे अधिक आबादी वाला देश है. मैक्सिको की राजधानी मैक्सिको सिटी है. मिस यूनीवर्स 2007 का आयोजन मेक्सिको सिटी हुआ था. जिसमें मिस जापान को मिस यूनीवर्स 2007 (ब्रह्माण्ड सुन्दरी) चुना गया.

# विज्ञान | तकनीक

## भारत के अत्याधुनिक मौसम उपग्रह इनसेट -3 डी का फ्रेंच गयाना से सफल प्रक्षेपण

भारत ने अत्याधुनिक मौसम उपग्रह इनसेट-3 डी का फ्रेंच गयाना स्थित कौरु से सफल प्रक्षेपण 26 जुलाई 2013 को किया. यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के रॉकेट एरियन-5 ने इनसेट-3 डी और एल्फासेट उपग्रह अंतरिक्ष में छोड़े. हिन्द महासागर के ऊपर भूस्थिर कक्षा में यह पहला साउंडर सिस्टम है. एल्फासेट, यूरोप का अब तक का सबसे बड़ा दूरसंचार उपग्रह है. इसका निर्माण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और इन्मारसैट के बीच बड़े स्तर की सार्वजनिक तथा निजी भागीदारी के तहत किया गया. प्रक्षेपण के तुरंत बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के राधाकृष्णन ने बताया कि भारत के प्रमुख नियंत्रण कक्ष में इनसेट-3 डी से संकेत मिलने लगे हैं. इनसेट-3 डी द्वारा अगले 7 वर्षों तक कार्य किया जाना है और इससे देश में मौसम अनुमान और आपदा चेतावनी प्रणाली को उन्नत करने में मदद प्राप्त होनी है.

स्वदेश में विकसित इनसेट-3डी के मौसम संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के नई दिल्ली केंद्र में एक तंत्र विकसित किया. ऐसी ही व्यवस्था इसरो द्वारा के भोपाल और अहमदाबाद केंद्र में भी की जानी है.

### उपग्रह इनसेट -3 डी

• इनसेट 3 डी का वजन 2060 किलो है.

• इस पर इमेजर, साउंडर, डाटा रिलो ट्रांसपोंडर और सैटेलाइट एडेड सर्च एंड रेस्क्यू जैसे चार पेलोड लगे हुए हैं.

• इस पर लगा 6 चैनल वाला इमेजर पृथ्वी के मौसम संबंधी चित्र ले सकता है.

• इनसेट-3 डी द्वारा वातावरण में सतह से शिखर तक तापमान और नमी तथा ओजोन की मात्रा का पूरा विवरण देते हुए मौसम की निगरानी की जानी है.

• इनसेट-3 डी में नया 19 चैनल का साउंडर लगा है, जिसे इसरो ने किसी उपग्रह में पहली बार भेजा है.

• इनसेट-3डी पर लगा तीसरा पैलोड डाटा रिले ट्रांसपोंडर द्वारा मौसम विज्ञान, जल विज्ञान और समुद्र विज्ञान संबंधी आंकड़े उपलब्ध कराए जाने हैं. इससे मौंसम संबंधी सटीक भविष्यवाणियां की जा सकेंगी.

• इस उपग्रह को आने वाले दिनों में उसकी प्रणोदन प्रणाली (आगे बढ़ाने वाली) का उपयोग कर उसे 36 सौ किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित भूस्थैतिकि कक्षा में स्थापित किया जाना है.

• इसे 82 डिग्री पूर्व में स्थित कक्षा में स्थापित करने के बाद अगस्त 2013 के दूसरे सप्ताह में उपग्रह में लगे मौसम संबंधी पेलोड को जाँच के लिए सक्रिय कर दिया जाना है.

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नियोक्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर लेने शुरु किये

नौकरी बदलने की परिस्थिति में कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों के ऑनलाइन अंतरण को संभव बनाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (Employees Provident Fund, EPFO) ने नियोक्ताओ के डिजिटल हस्ताक्षर लेने आरंभ किये. इस तरह के डिजिटल हस्ताक्षर ईपीएफओ को नियोक्ताओं द्वारा उपलब्ध कराना अनिवार्य है. ईपीएफओ द्वारा इस संबंध में सूचना 26 जुलाई 2013 को दी गई. नियोक्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर को सुगम बनाने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों को नोडल अधिकारी तैनात करने के आदेश दिये. साथ ही, नियोक्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षरों को ऑनलाइन भी अपलोड किया जा सकता है.

## ब्राइट बीकन के सामन दिखती है हमारी पृथ्वी व चांद, नासा ने जारी किये नये फोटो

अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र नासा (The National Aeronautics and Space Administration, NASA) के द्वारा 22 जुलाई 2013 को जारी किये गये नये फोटो में हमारी पृथ्वी व चांद ब्राइट बीकन (Bright Beacon, चमकीला आकाशदीप) के समान दिखते हैं. नासा के कैसिनी स्पसक्रॉफ्ट नाम के अंतरिक्ष यान ने ये तस्वीरें 19 जुलाई 2013 को लीं. पृथ्वी की तस्वीरों को 1.5 अरब किलोमीटर की दूरी से लिया गया जबकि चांद की तस्वीरों को 9 करोड़ 80 लाख किमी की दूरी से लिया गया. नासा के अनुसार, कैसिनी अंतरिक्ष यान से चांद सिर्फ एक सफेद बिंदु के समान दिखाई देता है जबकि पृथ्वी कांतिहीन नीले

यूरेनियम 238 पाया जाता है. ईंधन के लिए यूरेनियम 238 का प्रयोग करने से पहले इसे यूरेनियम 235 में बदलना होता है.

## न्यूज़ कैप्सूल

### सरोद वादक अमजद अली खां 21 वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार हेतु चयनित

सरोद वादक अमजद अली खां का साम्प्रदायिक सद्भाव और शान्ति को बढ़ावा देने के लिए 21वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार हेतु 30 जुलाई 2013 को चयन किया गया. यह पुरस्कार उन्हें 20 अगस्त 2013 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयन्ती के अवसर पर नई दिल्ली में दिया जाना है.

### राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार

इस पुरस्कार विजेता को 5 लाख रुपए नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है. राजीव गांधी राष्ट्रीय सदभावना पुरस्कार की स्थापना अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी की स्मृति में वर्ष 1992 में की थी. यह पुरस्कार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष राजीव गांधी के जन्मदिन 20 अगस्त को दिया जाता है. इस दिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है. यह पुरस्कार इसके पहले मदर टेरेसा, बिस्मिल्ला खां, लता मंगेशकर, सुनील दत्त, दिलीप कुमार, कपिला वात्स्यायन, मौलाना वहीउद्दीन खान, गौतम भाई, तीस्ता सीतलवाड़ और हर्ष मंदर (संयुक्त), मुहम्मद युनुस, हितेश्वर सैकिया और सुभद्रा जोशी (संयुक्त), जगन नाथ कौल, एसएन सुब्बाराव, स्वामी अग्निवेश और मदारी मोईदीन (संयुक्त), केआर नारायणन, निर्मला देशपांडे, हेमदत्त और एन राधाकृष्णन, को दिया जा चुका है.

## केंद्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत की

केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) ने राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं के पीड़ितों के तुरंत उपचार हेतु कैशलेस चिकित्सा योजना (Cashless Treatment Scheme) की शुरुआत की. इस योजना को आरंभिक तौर पर 29 जुलाई 2013 को गुड़गांव (हरियाणा) – जयपुर (राजस्थान) राजमार्ग संक्खा आठ पर लागू किया गया है. इस योजना की औपचारिक शुरुआत केन्द्रीय भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री आस्कर फर्नांडीज ने की. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ (एनएच-8) से आरंभ की गई कैशलेस चिकित्सा योजना के साथ-साथ लाइफ सपोर्ट सिस्टमों से लैस छह उन्नत किस्म के एंबुलेंसों का भी प्रचालन आरंभ किया गया जो कि घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाएंगे.

कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत लाभ लेने के लिए दुर्घटना की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल करना होगा, जो कि 24 घंटे तथा वर्ष भर कार्य करेगा. इस कॉल के आधार पर केंद्रीय स्थल पर मौजूद कार्यकर्ता निकटतम एंबुलेंस को भेजेंगे जो कि घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाएंगे.

इस योजना के भली प्रकार क्रियान्यवयन हेतु सरकारी क्षेत्र के सात तथा निजी क्षेत्र के 44 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है. साथ ही, आवश्यक मानव श्रम के लिए नेहरू युवा केंद्र के युवकों को जोड़ा जाएगा और इन्हें एम्स में फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

## भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी शरद कुमार राष्ट्रीय जांच एजेंसी के महानिदेशक नियुक्त

भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी शरद कुमार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी का महानिदेशक 30 जुलाई 2013 को नियुक्त किया गया. शरद कुमार द्वारा आईपीएस अधिकारी एनआर वासन का स्थान लिया जाना है. एनआर वासन को अप्रैल 2013 में पदस्थ अधिकारी एससी सिन्हा को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किए जाने के बाद एनआईए का प्रभार दिया गया था. शरद कुमार हरियाणा कैडर के वर्ष 1979 बैच के एक भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में अपने कैडर में कार्यरत हैं. शरद कुमार इस जांच एजेंसी के चौथे प्रमुख हैं.

विदित हो कि देश में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं की जांच के लिए एनआईए का गठन किया गया था. वर्ष 2008 में 26/11 आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी का गठन 31 दिसंबर 2008 को एक कानून के जरिये किया था. इसका काम आतंकवादी घटनाओं की जांच करना है.

## ममनून हुसैन (MAMNOON HUSSAIN) पाकिस्तान के 12 वें राष्ट्रपति निर्वाचित

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के निकट सहयोगी और पीएमएल-एन के उम्मीदवार ममनून हुसैन को पाकिस्तान का राष्ट्रपति 30 जुलाई 2013 को चयनित किया गया. वह पाकिस्तान के 12वां राष्ट्रपति हैं. ममनून हुसैन द्वारा आसिफ अली जरदारी का स्थान लिया जाना है. निवर्तमान राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का कार्यकाल 8 सितम्बर 2013 को समाप्त हो रहा है. 73 वर्षीय ममनून हुसैन को 9 सितम्बर 2013 को शपथ दिलाई जानी है. उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इन्साफ पार्टी के उम्मीदवार पूर्व न्यायाधीश वजीहुद्दीन अहमद को भारी मतों से पराजित किया. राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्लियामेंट हाउस और चार प्रांतीय असेंबलियों में हुए मतदान में ममनून हुसैन को 277 वोट मिले.

संघीय सदनों और चार प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों ने राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया. राष्ट्रपति के चुनाव हेतु गठिन निर्वाचक मंडल में संघीय सदनों और 4 प्रांतीय सभाओं के सदस्य शामिल होते हैं. पाकिस्तान में राष्ट्रपति सेना का संवैधानिक प्रमुख है. वह प्रधानमंत्री की सलाह पर तीनों सेना प्रमुखों की नियुक्ति भी करता है.

### ममनून हुसैन

- पीएमएल-एन के उम्मीदवार ममनून हुसैन वर्ष 1947 में विभाजन के दौरान पाकिस्तान आए थे.
- आगरा में वर्ष 1940 में जन्मे हुसैन उर्दू भाषी जातिय समुदाय से ताल्लुक रखते हैं.
- वह सिंघ प्रांत के पूर्व गर्वनर रह चुके हैं.
- उन्होंने वर्ष 1965 में इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से स्नातक किया.

वाले खाताधारकों को एटीएम सुविधा उपलब्ध होगी. इसके पहले तक सहकारी बैंक की अपनी एटीएम सुविधा महाराष्ट्र तक ही सीमित थी. रामपुर में डीसीबी की 29 शाखाएं हैं, जबकि ग्राहकों की संख्या डेढ़ लाख है. जिला सहकारी बैंक (डीसीबी ) की सिविल लाइंस, सफदरगंज, मिलक, शाहबाद और जौहर यूनिवर्सिटी शाखा में लगे एटीएम का उद्घाटन मंत्रिमंडल स्तर के नगर विकास मंत्री आजम खां ने डीसीबी की सिविल लाइन शाखा में संयुक्त रूप से किया. इसके साथ ही एटीएम से लेनदेन भी शुरू हो गया.

इस अवसर पर डीसीबी के अध्यक्ष सलीम कासिम और महाप्रबंधक मुहम्मद अंजुम खां ने कहा कि इससे ग्रामीणों को एटीएम से लेनदेन में ज्यादा मदद मिलेगी. उन्होंने बताया कि एटीएम के साथ ही बैंक की बेवसाइट भी शुरू कर दी गई, जिस पर बैंक की समस्त योजनाएं, रिजर्व बैंक और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बैंक की योजनाएं और नियमों की जानकारी भी उपलब्ध होगी. बैंक अधिकारी और कर्मचारियों के फोन नंबर आदि भी साइट से मिल सकेंगे. किसी भी बैंक के ग्राहक इस एटीएम नेटवर्क से धन निकाल सकते हैं.

## हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ने मानव रहित विमान लक्ष्य -1 बीडीएल को सौंपा

रक्षा क्षेत्र की सार्वजनिक उपक्रम कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड ( एचएएल ) ने निर्धारित समय सीमा से नौ महीने पहले ही पायलटरहित लक्ष्यभेदी विमान लक्ष्य-1 हैदराबाद स्थित भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ( बीडीएल) को सौंप दिया. यह विमान एचएएल द्वारा 26 जुलाई 2013 को सौंप दिये गये. एचएएल के अध्यक्ष आर के त्यागी ने कहा कि विमान को सामान्य विनिर्माण में लगने वाले 24 महीने के मुकाबले समय से पहले रिकार्ड 15 महीनों में तैयार कर सुपुर्द कर दिया गया. एचएएल ने बेंगलूर स्थित एयरक्राफ्ट डिवीजन में अब तक 39 लक्ष्य-1 विमानों का उत्पादन किया है जिसकी आपूर्ति की जा चुकी है. इनका इस्तेमाल मौजूदा समय में भारतीय वायु सेना, नौसेना और डीआरडीओ द्वारा किया जा रहा है.

रक्षा विकास एवं अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के वैमानिकी विकास संस्थान (एडीई) द्वारा अभिकल्पित और विकसित चालक रहित लक्षित विमान एक एचएएल एअरो गैस टर्बाइन इंजन (पीटीएई-7) से लैस है और पुन: प्रयोज्य लक्ष्य प्रणाली में तैनात किया गया है. एचएएल ने कहा है कि उसकी अगली पीढ़ी के पीटीए लक्ष्य-2 का विनिर्माण करने की योजना है. इसका डिजाइन और विकास एरोनाटिकल विकास प्रतिष्ठान द्वारा किया गया है.

### हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड

एचएएल इस तरह के विमान बनाने वाली देश में एकमात्र कंपनी है. कंपनी लक्ष्य-1 जैसे यूएवी ( मानवरहित आकाशीय वाहन ) का उत्पादन करती है.

## लक्ष्य-1

लक्ष्य-1 पूरी तरह देश में निर्मित यूएवी है जो दुश्मन के जहाज की हवा से हवा औरजमीन से हवा मं नष्ट करने के लिए सही स्थिति की जानकारी हथियार प्रणाली का संचालन करने वालों को मुहैया कराने में सक्षम है.

## विश्व हैपेटाइटिस दिवस का विषय: यह हैपेटाइटिस है, इसे जानिए, इसका मुकाबला कीजिए

**28 जुलाई: विश्व हैपेटाइटिस दिवस**

28 जुलाई 2013 को विश्व हैपेटाइटिस दिवस (World Hepatitis Day) मनाया गया. इसका उद्देश्य दुनियाभर में हैपेटाइटिस-बी और हैपेटाइटिस-सी के बारे में जागरूकता फैलाना और इस रोग से बचाव, इसके निदान और इलाज के लिए प्रोत्साहित करना है. यह एक विषाणु जनित रोग है. हैपेटाइटिस के विषाणु पांच प्रकार के- A, B, C, D और E होते हैं. वर्ष 2013 के विश्व हैपेटाइटिस दिवस का विषय रखा गया-यह हैपेटाइटिस है, इसे जानिए, इसका मुकाबला कीजिए (This is hepatitis, Know it, Confront it). गंभीर हेपटाइटीस संक्रमण के कारण हर वर्ष 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है. अब यह विश्व स्तर पर एक बहुत बड़ी जन स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है. विश्व हेपटाइटीस दिवस इसके निवारण के लिए कुछ विशेष कार्य करने का अवसर देता है. इसमें निवारण का उपाय करने, हेपटाइटीस के विषाणु और इससे संबंधित रोगों को नियंत्रित करना शामिल है.

हेपटाइटीस बी टीका का कवरेज बढ़ाकर और राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत करके तथा हेपटाइटीस के प्रति विश्व स्तर पर जागरूकता का प्रसार करके इसका उपचार आसान किया जा सकता है.

## पंजाब नेशनल बैंक ने तमिलनाडु के शिवगंगा में 6000 वीं शाखा का प्रचालन आरंभ किया

भारत के अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक पंजाब नेशनल बैंक ने तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के एलेनगुडी नामक स्थान पर अपनी 6000वीं शाखा का प्रचालन 28 जुलाई 2013 को किया. इस शाखा का उद्घाटन वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने किया. शाखा के उद्घाटन के बाद वित्तमंत्री ने अपने भाषण में लोगों से अपनी आय को बढ़ाने के लिए तकनीक कौशल को बढ़ाने का आग्रह किया. वित्तमंत्री ने यह आग्रह इस संदर्भ में किया कि कई राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण केंद्रों (Skill Training Centers) का प्रचालन करते हैं. शिवगंगा जिले में भी पहले से इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और कैनरा बैंक द्वारा कौशल प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है.

# खेल | खिलाड़ी

## स्नूकर खिलाड़ी आदित्य मेहता ने वर्ष 2013 के विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीता

भारत के स्नूकर खिलाड़ी आदित्य मेहता ने विश्व खेलों (World Games 2013) में स्वर्ण पदक 30 जुलाई 2013 को जीता. आदित्य मेहता ने कोलंबिया के काली में खेले गए फाइनल में चीन के लियांग वेनडो को 3-0 के अंतर से पराजित किया. वर्ष 2013 के विश्व खेलों का आयोजन 25 जुलाई से 4 अगस्त 2013 तक कोलंबिया स्थित काली में किया गया. आदित्य मेहता ने इससे पहले सेमीफाइनल में थाईलैंड के देचवाट पूमजोइंग को 3-1 के अंतर से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था. इस प्रतियोगिता का कांस्य पदक पोमचेंग ने जीता. कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में पोमचेंग ने ब्राजील के इगोर फिगुइरिडो को पराजित किया.

### आदित्य मेहता

• आदित्य मेहता ने पंकज आडवाणी को पराजित कर एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप 2012 का खिताब दोहा में 29 अप्रैल 2012 को जीता था. आदित्य मेहता एशियाई स्नूकर चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं.

• महाराष्ट्र के आदित्य मेहता ने पूर्व चैंपियन पंजाब के आलोक कुमार को 6-2 से हराकर 78वीं राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप 2011 का खिताब 9 अगस्त 2011 को जीता था.

• आदित्य मेहता का जन्म 31 अक्टूबर 1985 को महाराष्ट्र में हुआ था.

### विश्व खेल ( World Games)

पहले विश्व खेलों का आयोजन वर्ष 1981 में सांता क्लारा, कैलिफोर्निया में किया गया था. विश्व खेलों का आयोजन और संचालन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के संरक्षण के तहत, इंटरनेशनल वर्ल्ड गेम्स एसोसिएशन (IWGA) द्वारा किया जाता है. इन खेलों का आयोजन प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर किया जाता है.पूर्व हॉकी खिलाड़ी बारबरा जे फ्रेंसिस को चिकित्सा के लिए वित्तीय सहायता

युवा मामले और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने पूर्व हॉकी खिलाड़ी बारबरा जे फ्रेंसिस की चिकित्सा के लिए खिलाड़ियों के राष्ट्रीय कल्याण कोष से 150000 रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की. वित्तीय सहायता की राशि 50 हजार रूपए प्रति वर्ष की दर से उन्हें 3 वर्षों में दी जानी है. बारबरा जे फ्रेंसिस स्थायी प्रकृति की बीमारी से ग्रस्त है. इससे पहले भी फ्रेंसिस को 3.50 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दो

बार में दी गई थी. खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कल्याण निधि से पहली बार 1.50 लाख रुपए फरवरी 2009 में और इसके बाद 2 लाख रुपए मई 2011 में दिए गए. 1.50 लाख रुपए की उक्त वित्तीय सहायता की मंजूरी से उनको मंजूर की गई वित्तीय सहायता की कुल राशि 5 लाख रुपए हो गई.

## भारत ने अंडर-16 सैफ फुटबाल चैम्पियनशिप - 2013 का खिताब जीता

भारत ने अंडर-16 सैफ फुटबाल चैम्पियनशिप- 2013 का खिताब 30 जुलाई 2013 को जीता. फाइनल में भारत ने मेजबान नेपाल को 1-0 से पराजित किया. भारत की ओर से एकमात्र गोल खेल के अठारहवें मिनट में जेरी लालरिम जुआला ने किया. एक अन्य मैच में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया. विदित हो कि इस प्रतियोगिता के तहत भूटान ने फेयर टीम की ट्राफी जीती.

## जिम्बाब्वे के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज रे प्राइस का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

जिम्बाब्वे के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज रे प्राइस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 29 जुलाई 2013 को संन्यास ले लिया. संन्यास लेने के पूर्व वह भारत और जिम्बाब्वे के मध्य खेले जा रहे पांच एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के सदस्य थे. इस दौरान उन्हें किसी मैच में खेलने का अवसर नहीं दिया गया. भारत एवं जिम्बाब्वे के मध्य पांच मैचों की एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में जिम्बाब्वे टीम के कप्तान ब्रैंडन टेलर है. 37 वर्षीय रे प्राइस एक दिवसीय श्रृंखला के शेष 2 मैचों के लिए टीम के साथ सफर नहीं करेंगे. रे प्राइस ने कुल 102 एक दिवसीय मैच खेले जिसमें 100 विकेट लिए. जबकि 22 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80 विकेट और टी-20 क्रिकेट के 16 मैचों में 13 विकेट प्राप्त किए.

रे प्राइस ने एक दिवसीय क्रिकेट विश्वकप-2011 में कुल 9 विकेट लिए थे. एक दिवसीय क्रिकेट विश्वकप-2011 में वह भारतीय पिचों पर जिम्बाब्वे के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए थे. मार्च 2013 में उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए आखिरी बार ब्रिजटाउन टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था. विदित हो कि भारत ने जिम्बाब्वे से यह श्रृंखला जीत चुकी है.

## आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग घोटाले की जांच हेतु गठित 3 सदस्यीय जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी

आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग घोटाले की जांच के लिए गठित 3 सदस्यीय जांच समिति ने कोलकाता में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की कार्यकारी समिति की बैठक में अपनी रिपोर्ट 29 जुलाई 2013 को सौंपी. जांच समिति को चेन्नई सुपरकिंग्स, इंडिया सीमेंट्स, राजस्थान रॉयल्स तथा उसके सह-मालिक राज कुंद्रा के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला. इस समिति का गठन चेन्नई सुपर किंग्स के मालिक एन. श्रीनिवासन के दामाद और टीम प्रिंसिपल गुरूनाथ मयप्पन तथा राजस्थान रायल्स और उसके सह मालिक राज कुंद्रा

की भूमिका की जांच करने के लिये किया गया था. इस 3 सदस्यीय जांच समिति के सदस्य उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीशों टी जयराम चौटा और आर बाला सुब्रमण्यम के अलावा बीसीसीआई के तत्कालीन सचिव संजय जगदाले थे.

## जर्मनी ने लगातार छठी बार यूरोपियन महिला फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब जीता

जर्मनी ने नार्वे को 1-0 से पराजित कर यूरोपियन महिला फुटबाल टूर्नामेंट (2013) का खिताब लगातार छठी बार जीत लिया. यह मैच स्टाकहोम (जर्मनी) में 29 जुलाई 2013 को खेला गया. जर्मनी का यह लगातार छठी बार और नार्वे के खिलाफ चौथी बार फाइनल में जीत है. त्राइन रोनिंग और सोल्वेग गुलब्रेंडसन की पेनल्टी को बचाकर गोलकीपर एंगरर ने जर्मनी को मुकाबले में बनाए रखा. जर्मनी ने आधे समय पर लेना लोटजेन की जगह मिताग को मैदान में उतारा और मिताग ने चार मिनट बाद ही गोल कर दिया जो अंततः मैच विजयी गोल साबित हुआ. नार्वे का एक गोल ऑफ साइड के कारण अमान्य करार दिया गया था.

## भारत ने विश्व युवा (अंडर-16) शतरंज ओलंपियाड का टीम खिताब जीता

भारत ने आखिरी दौर में ईरान को पराजित कर पांच वर्ष बाद विश्व युवा (अंडर-16) शतरंज ओलंपियाड (World Youth Under-16 Chess Olympiad 2013) का टीम खिताब जीता. एस ए गागरे, मुरली कार्तिकेयन, दीप्तायन घोष और सयंतन दास की भारतीय टीम ने दसवें दौर में ईरान को 3.5- 0.5 के अंतर से हराया. विश्व युवा (अंडर-16) शतरंज ओलंपियाड का यह मैच चीन के चोंगक्विंग में 29 जुलाई 2013 को खेला गया. इस टीम प्रतियोगिता में भारत का यह तीसरा खिताब है. इससे पहले उसने वर्ष 2007 में सिंगापुर में और वर्ष 2008 में तुर्की में जीत दर्ज की थी. भारतीय टीम ने आठ मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा रहे.भारत वह 30.5 अंक लेकर शीर्ष पर रहा. रूस 30 अंक के साथ दूसरे स्थान पर जबकि तुर्की 26 अंक के साथ  तीसरे स्थान पर रहा.

सयंतन दास ने चौथे बोर्ड पर स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान अपना अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब भी पक्का किया.

## मंगोलिया में कैडेट एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2013 में भारत ने 15 पदक जीते

भारत ने मंगोलिया के उलांबतर में आयोजित एशियन कैडेट कुश्ती चैम्पियनशिप 2013 में 3 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीते. भारतीय टीम ने फ्री-स्टाइल में पहले स्थान पर रहते हुए चैम्पियन ट्रॉफी भी 28 जुलाई 2013 को जीती. इस तरह से भारतीय फ्रीस्टाइल टीम कल 84 अंकों के साथ रनरअप रहे ईरान से आगे रहा. महिला वर्ग में भारत ने कुल पांच जीते.

### भारत के लिए फ्रीस्टाइल वर्ग में पदक जीतने वाले खिलाड़ी

स्वर्ण पदक- अमित कुमार (58 किग्रा), विकास (63 किग्रा) और प्रवीण (85 किग्रा)

रजत पदक- रवि कुमार (54 किग्रा), अंकुर राठी (69 किग्रा), बलराज (76 किग्रा) और गुरू सेवाक सिंह (100 किग्रा)

### भारत के लिए ग्रीको रोमन वर्ग में पदक जीतने वाले खिलाड़ी

रजत पदक- राजेश (46 किग्रा) और रोहित (85 किग्रा)

कांस्य पदक- मंजीत (69 किग्रा)

### महिला वर्ग में भारत का प्रदर्शन

रजत पदक- अंजु पोंघल (46 किग्रा), बबीता रानी (65 किग्रा) और दिव्या काकर (70 किग्रा)

कांस्य पदक- मंजू (43 किग्रा) और पूजा तोमर (60 किग्रा)

## पंजाब ने आईएचएफ फेडरेशन कप हॉकी टूर्नामेंट 2013 का खिताब जीता

पंजाब ने आईएचएफ फेडरेशन कप हॉकी टूर्नामेंट 2013 का खिताब 28 जुलाई 2013 को जीता. नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से पराजित किया. पंजाब और उत्तर प्रदेश दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट किया गया. उत्तर प्रदेश ने 45वें मिनट में दिवाकर राम के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बढ़त बनाई. हालांकि पंजाब ने 51वें मिनट में ही गोल कर बराबरी कर ली. उसकी तरफ से यह गोल राजिन खांडुलना ने किया.

पंजाब की तरफ से अजय कुमार, परविंदर सिंह, लखविंदर सिंह और अजित पंडित ने पेनल्टी स्ट्रोक्स को गोल में बदला, जबकि अमनदीप सिंह चूक गए थे. उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिंदर सिंह और सरबजीत सिंह पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए. जगवंत सिंह, प्रमोद कुमार और दिवाकर राम शूटआउट में गोल करने में सफल रहे.

विदित हो कि 23 से 28 जुलाई 2013 तक नई दिल्ली स्थित शिवाजी स्टेडियम में फेडरेशन कप हॉकी प्रतियोगिता 2013 का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय हॉकी महासंघ (आईएचएफ) के तत्वावधान में हरियाणा हॉकी संघ तथा दिल्ली और जिला हॉकी संघ के सहयोग से किया गया.

| प्रतियोगिता का नाम | वर्ष |
|---|---|
| ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस प्रतियोगिता | 2009, 2003 |
| विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता | 2008 |

## ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर शेन वार्न आईसीसी क्रिकेट के हॉल ऑफ फेम में शामिल

ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज (लेग स्पिनर) शेन वार्न को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया. यह जानकारी लंदन में 19 जुलाई 2013 को दी गई. इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच लार्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के टी ब्रेक के दौरान हुए कार्यक्रम में उन्हें हॉल आफ फेम में शामिल किया गया. वह इस सूची में शामिल किए जाने वाले 69वें पुरूष सदस्य एवं 18वें ऑस्ट्रेलियाई बन गये. वर्ष 2013 में हाल आफ फेम की सूची में शामिल किए जाने वाले वह चौथे सदस्य हैं. इनसे पहले वर्ष 2013 में इस सूची में वेस्ट इंडीज के ब्रायन लारा, इंग्लैंड के एनिड बेकवेल और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैकग्रा को शामिल किया गया था. यह संयोग ही है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 68वें पुरुष सदस्य ग्लेन मैकग्रा हैं जो कि ऑस्ट्रेलिया के ही गेंदबाज (तेज गेंदबाज) हैं.

शेन वार्न ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 145 टेस्ट मैचों में 25.41 की औसत से 708 विकेट और 194 एकदिवसीय मैचों में 25.73 की औसत से 293 विकेट लिए. शेन वार्न वर्ष 1999 में आयोजित आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सदस्य थे. इसमें ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को पराजित कर आईसीसी क्रिकेट विश्वकप जीत लिया था. आईसीसी अध्यक्ष एलेन इसाक, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष वैली एड्वर्डस, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष जाइल्स क्लार्क और एमसीसी प्रेजिडेंट माइक ग्रिफिथ इस अवसर पर मौजूद थे.

## केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारत रत्न के लिए ध्यानचंद के नाम की सिफारिश की

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के लिए हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम की सिफारिश की. ध्यानचंद ने भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहते हुए ओलंपिक खेलों में 3 स्वर्ण पदक जीते थे. 17 जुलाई 2013 को एक बैठक के दौरान सचिन तेंदुलकर और ध्यानचंद दोनों के नाम पर चर्चा की गई, जिसमें केंद्रीय खेल मंत्रालय ने ध्यानचंद का नाम भारत रत्न के लिए भेजने का फैसला किया. भारत रत्न के लिए ध्यानचंद के नाम की सिफारिश का पत्र प्रधानमंत्री को भेज दिया गया.

## मेजर ध्यानचंद

• ध्यानचंद लगातार वर्ष 1928 (एम्सटर्डम), वर्ष 1932 (लॉस एंजिलिस) और वर्ष 1936 (बर्लिन) में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे. उनको दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ियों में एक माना जाता है.

• उनकी जन्म तिथि 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है.

• मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त के अवसर पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल पुरस्कार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को दिए जाते हैं.

• इन पुरस्कारों में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार शामिल हैं.

• उन्हें वर्ष 1956 में भारत के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था.

• वर्ष 1979 में उनका निधन हो गया था.

• इनका जन्म 29 अगस्त 1905 को प्रयाग (इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश) में हुआ था.

## भारत रत्न पुरस्कार

भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है. इसे कला, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में असाधारण सेवा हेतु तथा उच्चतम स्तर की लोक सेवा को मान्यता देने के लिए दिया जाता है. वर्ष 2011 में खेल को भी इसके क्षेत्र में शामिल किया गया.

• भारत रत्न पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी.

• सबसे पहला पुरस्कार प्रसिद्ध वैज्ञानिक चंद्र शेखर वेंकटरमन (वर्ष 1954) को दिया गया था.

• भारत रत्न एक वर्ष में अधिकतम तीन व्यक्तियों को ही प्रदान किया जा सकता है. इस पुरस्कार के रूप में दिए जाने वाले सम्मान की मूल विशिष्टि में 35 मिलिमीटर व्यास वाला गोलाकार स्वर्ण पदक, जिस पर सूर्य और ऊपर हिन्दी भाषा में "भारत रत्न" तथा नीचे एक फूलों का गुलदस्ता बना होता है पीछे की ओर शासकीय संकेत और आदर्श-वाक्य लिखा होता है.

• इसका कोई लिखित प्रावधान नहीं है कि भारत रत्न केवल भारतीय नागरिकों को ही दिया जाए.

# कार्पोरेट

## विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड ने जेट एयरवेज -एतिहाद एयरलाइंस सौदे को सशर्त मंजूरी दी

वित्त मंत्रालय के विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) ने अबूधाबी की एतिहाद एयरलाइंस द्वारा जेट एयरवेज की 24 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के प्रस्ताव को 29 जुलाई 2013 को सशर्त मंजूरी दी.

### क्या हैं शर्तें ?

• जेट एयरवेज द्वारा एतिहाद एयरवेज के साथ शेयर होल्डर समझौते में किसी प्रकार के बदलाव के लिए केंद्र की अनुमति लेगा.

• यह शर्त रखी गई है कि किसी भी विवाद की स्थिति में सौदे पर भारतीय कानून के तहत ही निपटारा किया जाना है.

• कंपनी को अपना मुख्यालय भी भारत में ही रखना होगा. इसे अबूधाबी या विदेश में कहीं शिफ्ट नहीं किया जा सकेगा.

• जेट द्वारा आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में भी बदलाव किया जाना निर्धारित है.

जेट-एतिहाद सौदे को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कुछ सवाल भी उठे थे. इस पर गृह मंत्रालय की राय मांगी गई थी. यदि दोनों कंपनियां इन शर्तों को स्वीकार करती हैं तो इस प्रस्ताव को वित्त मंत्री पी चिदंबरम के समक्ष पेश किया जाना है, जहां से उसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाना है. कैबिनेट की अनुमति के बाद ही इस सौदे को पूरी तरह से मंजूर माना जाएगा.

एफआईपीबी की इस बैठक से पहले ही एतिहाद जेट में अपने निदेशकों की संख्या 3 से घटा कर दो करने पर राजी हो गई थी. इससे कंपनी पर एतिहाद के नियंत्रण को लेकर आशंकाएं खत्म हो गई हैं. अब जेट पर भारतीय प्रमोटरों का ही नियंत्रण रहेगा. संशोधित प्रस्ताव के तहत जेट के बोर्ड में कुल 12 निदेशक होंगे. इनमें से 4 जेट के, 2 एतिहाद के और बाकी स्वतंत्र निदेशक होंगे. जेट के प्रमोटर नरेश गोयल को चार सदस्यों के अलावा अध्यक्ष की नियुक्ति का अधिकार प्राप्त होना है, जबकि एतिहाद उपाध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगी. नरेश गोयल किसी भी मामले में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे.

### विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी)

विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से जुड़े उन प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए एक सिंगल विंडो का काम करता है जिन पर सीधे तौर पर एफडीआई की स्वीकृति नहीं होती. इसका उद्देश्य

अंतरराष्ट्रीय कंपनियों,अप्रवासी भारतियों तथा अन्य विदेशी निवेशकों के माध्यम से देश में निवेश की सुविधा प्रदान करके भारत तथा विदेश में निवेश संवर्धन कार्यकलापों की शुरूआत करके भारत में एफडीआई का संवर्धन करना है. एफआईपीबी में विभिन्न मंत्रालय के सचिवों के साथ-साथ आर्थिक मामलों के विभाग एवं वित्त मंत्रालय के सचिव अध्यक्ष के रूप में होते हैं. यह अंतरमंत्रालीय निकाय देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा, उच्चतम सीमा, कारकों पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति के तहत करता है. वित्त मंत्रालय एफआईपीबी के अधिकतम 1200 करोड़ रुपए तक के प्रस्तावों पर की गई सिफारिशों को मंज़ूरी प्रदान करता है. ऐसे प्रस्तावों जिनका मूल्य 1200 करोड़ रुपए से अधिक होता है उनके लिए आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs-CCEA) की स्वीकृति लेनी होती है.

## जनरल मोटर्स इंडिया ने टवेरा गाड़ियों को वापस लेने के मामले में 25 लोगो को बर्खास्त किया

अमेरिका की बड़ी ऑटोमोबाइल्स कंपनियों में से एक जनरल मोटर्स ने अपने भारतीय प्रचालन समूह में से 25 लोगों को नौकरी बर्खास्त किया. इन पर जनरल मोटर्स की शेवरले टवेरा (Chevrolet Tavera) मॉडल की 1.14 लाख गाड़ियों को वापस लेने (रिकॉल, Recall) करने संबंधी कंपनी के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है. इस संबंध ने 28 जुलाई 2013 को निर्णय लिया गया. जनरल मोटर्स के इंडिया समूह में से जिन 25 लोगों को नौकरी से हटाया गया है उनमें भारतीय प्रचालन के पूर्व प्रमुख राजीव चाबा (Rajeev Chaba) हैं जो कि वर्तमान में चीन में कंपनी के विक्रय एवं विपणन का कार्य उपाध्यक्ष के रूप में देख रहे थे. इसी प्रकार दूसरा बड़ा नाम अनिल मेहरोत्रा का है जो वर्तमान में कंपनी के सीएफए पद पर तैनात हैं.

### क्या है मामला

अमेरिका प्रमुख ऑटो कंपनी जनरल मोटर्स भारत में शेवरले के नाम से विभिन्न श्रेणियों में अपनी वाहनों की बिक्री करती हैं. इन्हीं में से है शेवरले टवेरा बीएस3 (2.5 ली.) तथा बीएस4 (2.0 ली.) इन दोनो मॉडलों के 2005 से 2013 के बीच उत्पादित वाहनों में उत्सर्जन तथा विशिष्टीकरण मुद्दे को दूर करने के लिए जनरल मोटर्स इंडिया ने इन मॉडलों को रिकॉल किया था. साथ ही,, कंपनी ने बीएस3 के मॉडल का उत्पादन 4 जून से तथा बीएस मॉडल का उत्पादन 2 जुलाई से रोक दिया था.

## वॉलमार्ट ने भारत से जुड़े मुद्दों पर अमेरिकी नीति निर्धारकों के साथ लॉबिंग गतिविधियां बंद की

विश्व स्तर पर बहुब्रांड रिटेल कारोबार करने वाली अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट ने भारत से जुड़े मुद्दों पर अमेरिकी नीति निर्धारकों के साथ लॉबिंग गतिविधियों को बंद कर दिया. वॉलमार्ट ने इससे पहले भारतीय खुदरा बाजार में प्रवेश पाने हेतु लगातार लगभग 5 वर्ष तक उनका समर्थन जुटाने के लिए लॉबिंग की थी. वॉलमार्ट कंपनी ने यह खुलासा ऐसे समय में किया है जब भारत सरकार इस मुद्दे पर उसकी गतिविधियों

के बारे में एक रिपोर्ट अगले महीने संसद में पेश करने वाली है. वॉलमार्ट तथा इसके लिए लॉबिंग करने वाली पंजीकृत कम्पनियों की ओर से अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा में पेश की गई ताजा रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने 30 जून 2013 को समाप्त दूसरी तिमाही में विभिन्न लॉबिंग गतिविधियों पर लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च किए. इस रिपोर्ट में जिन 3 दर्जन मुद्दों पर लॉबिंग की सूचना दी गई है उनमें भारत केंद्रित कोई मामला शामिल नहीं है.

विदित हो कि वॉलमार्ट भारत में बहुब्रांड खुदरा कारोबार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 51 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद से यहां अपने रिटेल स्टोर खोलने की कोशिश कर रही है, लेकिन इस संबध में उसकी ओर से अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं आया है क्योंकि वह कथित तौर पर लाबिंग करने के विवाद मे फंस गई है. इसी वजह से वॉलमार्ट द्वारा भारत में भारती एंटरप्राइजेज के साथ साझा उपक्रम लगाने की योजना भी मुश्किल में पड़ गई है. प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है कि कंपनी ने इस उपक्रम में पैसा लगाते समय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनयम के प्रावधानों का उल्लंधन किया गया. इस मामले में भी कंपनी के खिलाफ जांच भी जारी है. वॉलमार्ट की भारतीय इकाई वॉलमार्ट इंडिया के अध्यक्ष राज जैन अपने पद से जून 2013 में इस्तीफा दिया था. राज जैन के स्थान पर कंपनी ने रामनिक नरसी को अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था.

## ग्रामीण विद्युतीकरण निगम और दामोदर घाटी निगम के मध्य ऋण करार पर हस्ताक्षर

ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के मध्य एक ऋण करार पर कोलकाता में 24 जुलाई 2013 को हस्ताक्षर किए गए. पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के रघुनाथपुर में पहले 2x660 मेगावाट का सुपर क्रिटीकल थर्मल पावर इकाई स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान करने हेतु यह करार किया गया. इसके तहत ग्रामीण विद्युतीकरण निगम द्वारा 6362 करोड़ रूपए का ऋण प्रदान किया जाना है. ये इकाइयां दामोदर घाटी निगम के रघुनाथपुर चरण-II विस्तार कार्यक्रम के भाग के रूप में होगी.

### ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी)

आरईसी भारत के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय क्षेत्र का एक नवरत्न उद्यम है, जिसे कंपनी अधिनियम-1956 के तहत 25 जुलाई 1969 को स्थापित किया गया था. इसका उद्देश्यय पूरे देश में ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देना है. यह राज्य बिजली बोर्ड, राज्य सरकारों के विद्युत विभागों और सहकारी समितियों को उनके द्वारा प्रायोजित ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु वित्तपोषित करता है. आरईसी राज्य बिजली बोर्ड/राज्य विद्युत यूटिलिटियों को विद्युतीकरण योजनाओं में निवेश करने हेतु ऋण सहायता प्रदान करता है. ऋण सहायता प्रदान करने का कार्य नई दिल्ली में स्थित कारपोरेट कार्यालय और यूनिट (आंचलिक कार्यालयों), जो अधिकांश राज्यों में स्थित हैं, के माध्यम से किया जाता है.

## दामोदर घाटी निगम (डीवीसी)

डीवीसी भारत का थर्मल और हाइड्रो पावर पैदा करने का सार्वजनिक संगठन है. दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) का गठन दामोदर घाटी निगम अधिनियम-1948 के अंतर्गत किया गया. दामोदर घाटी निगम (DVC) भारत की बहूद्देश्यीय नदी घाटी परियोजना है. निगम 7 जुलाई 1948 को स्वतंत्र भारत की प्रथम बहूद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में अस्तित्व में आया. दामोदर घाटी निगम नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए प्रमुख उद्योगों को उचित दर पर विद्युत की आपूर्ति करता है.

## येस बैंक के प्रबंध निदेशक डा. राणा कपूर एसोचैम के अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया

येस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. राणा कपूर वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज (Associated Chambers of Commerce and Industry of India, एसोचैम) के अध्यक्ष पद का कार्यभार 20 जुलाई 2013 को ग्रहण किया. उन्होंने यह पदभार एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज (एसोचैम, Associated Chambers of Commerce and Industry of India) की 92वीं वार्षिक आम बैठक के बाद संभाला. डा. राणा कपूर ने वीडियोकान समूह के प्रबंध निदेशक राजकुमार धूत का स्थान लिया. राजकुमार धूत एसोचैम के अध्यक्ष पद से 19 जुलाई 2013 को सेवानिवृत हुए. डा. राणा कपूर ने कहा कि वह वर्ष 2013-14 के कार्यकाल के दौरान देश मे समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए पांच सूत्री एजेंडे पर काम करेंगे. इस एजेंडे मे आर्थिक सुरक्षा के साथ आजीविका, ऊर्जा, पर्यावरणीय एवं राष्ट्रीय सुरक्षा शामिल है.

डा. राणा कपूर के साथ ही वर्ष 2013-14 के लिए, सुनील कनोरिया (एसआरईआई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस के उपाध्यक्ष) को एसोचैम का वरिष्ठ उपाध्यक्ष और संदीप जाजोदिया को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया.

## डा. राणा कपूर से सम्बंधित तथ्य

दिल्ली विश्वविद्यालय से 1977 में अर्थशास्त्र में स्नातक कपूर ने 1980 में अमेरिका के न्यूजर्सी स्थित रूटगर्स विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री प्राप्त की थी.

## नील मिल्स का एयरलाइन स्पाइसजेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद से इस्तीफा

नील मिल्स ने एयरलाइन स्पाइसजेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पद से 23 जुलाई 2013 को इस्तीफा दे दिया. कलानिधि मारन ने वर्ष 2010 में नील मिल्स को स्पाइसजेट मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया था. चेन्नई के सन ग्रुप के संस्थापक कलानिधि मारन ने कम कीमत वाली एयरलाइन फ्लाई दुबई से नील मिल्स को लाकर स्पाइसजेट लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया था. वित्तवर्ष 2012-13 में एयरलाइन को 191 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था. मार्च 2013